विज्ञप्रभो ! विज्ञपयामि किञ्चित् ॥१॥
दर्शनं देवदेवस्य, दर्शनं पापनाशनम् ।
दर्शनं स्वर्गसोपानं, दर्शनं मोक्षसाधनम् ॥१॥
सरसशान्तसुधारससागरं,
शुचितरं गुणरत्नमहाकरम् ॥
भविकपंकजबोधदिवाकरं,
प्रतिदिनं प्रणमामि जिनेश्वरम् ॥१॥
पाताले यानि बिम्बानि,
यानि बिम्बानि भूतले ॥

स्वर्गेऽपि यानि बिंबानि,
तानि वन्दे निरंतरं ॥ १ ॥
ॐकार बिन्दुसंयुक्तं,
नित्यं ध्यायन्ति योगिनः ।
कामदं मोक्षदं चैव,
ॐकाराय नमो नमः ॥ १ ॥
मंगलं भगवान् वीरो,
मंगलं गौतमप्रभुः ।
मंगलं स्थूलभद्राद्या,
जैनधर्मोऽस्तु मङ्गलम् ॥ १ ॥
पूर्णानन्दमयं महोदयमयं
कैवल्यचिद्दिङ्मयं,
रूपातीतमयं स्वरूपरमणं
स्वाभाविकीश्रीमयम् ।

ज्ञानोद्योतमयं कृपारसमयं
स्याद्वादविद्यालयम्
श्रीसिद्धाचलतीर्थराजमनिशं
वन्देऽहमादीश्वरम् ॥ १ ॥

अन्यथा शरणं नास्ति, त्वमेव शरणं मम ।
तस्मात् कारुण्यभावेन, रक्ष रक्ष जिनेश्वर ॥१॥

× × ×

प्रभुदर्शन सुखसंपदा, प्रभुदर्शन नवनिध ।
प्रभुदर्शनसे पाईए, सकल पदारथ सिद्ध ॥१॥

भावे भाईये भावना, भावे दीजे दान ।
भावे प्रभुजीको पूजिये, भावे केवल ज्ञान ॥२॥

जीवडा जिनवर पूजिये, पूजाना फल होय ।
राज नमे प्रजा नमे, आण न लोपे कोय ॥३॥

फूलो केरा बागमां, बेठा श्री जिनराज ।
जेम तारामां चन्द्रमा, तेम शोभे महाराज ॥४॥
प्रभुनामनी औषधि, खरा भावथी खाय ।
रोगशोक आये नहीं, सबी संकट दूर थाय ॥५॥
वाडी चंपो मोरियो, सोवन पांखडिये ।
पास जिनेश्वर पूजीये, पांचे आंगलिये ॥६॥
त्रिभुवन नायक तुं धणी, महीमोटो महाराज ।
मोटे पुण्ये पामियो, तुज दर्शन हुं आज ॥७॥
आज मनोरथ सब फले, प्रगटे पुण्य कल्लोल ।
पापकरम दूरे टल्या, नाठा दुःख दंदोल ॥९॥
अरिहन्त अरिहन्त समरतो, लाध्यो मोक्षनो धाम।
जे नर अरिहन्त समरसे, तेनां सरशे काम ॥९॥
सूतां, बेसतां उठतां, जे समरे अरिहन्त।
दुखीयाना दुःख भांगशे, सरशे काज महंत ॥१०॥

सकल करमवारी, मोक्षमार्गाधिकारी ।
त्रिभुवनउपकारी, केवलज्ञानधारी ॥
भविजन नित सेवो, देव ए भक्तिभावे ।
इहज जिन भजंता, सर्व संपत्ति आवे ॥११॥
जिनवर पदसेवा, सर्व संपत्तिदायी ।
निशदिन सुखदायी, कल्पवल्लीसहायी ।
नमि विनमि लहीजे, सर्व विद्या बडाई ।
ऋषभ जिनह सेवा, साधतां तेह पाई ॥११॥

॥ सोलह सतीयांकी स्तुति ॥

ब्राह्मी चंदनबालिका भगवती
राजमती द्रौपदी,
कौशल्या च मृगावती च सुलसा
सीता सुभद्रा शिवा ।

कुन्ती शीलवती नलस्य दायिता
चूला प्रभावत्यपि
पद्मावत्यपि सुन्दरी दिनमुखे
कुर्वन्तु नो मंगलम् ॥१॥

॥ प्रातः कालकी प्रार्थना ॥

हे प्रभो ! आनन्द दाता, ज्ञान हमको दीजिये ।
शिघ्र सारे दूर्गुणोंको, दूर हमसें कीजिये ॥
लीजिये हमको शरणमें, हम सदाचारी बनें ।
ब्रह्मचारी धर्मरक्षक, वीर व्रतधारी बनें ॥१॥
प्रेमसे हम गुरूजनोंकी, नित्य ही सेवा करें ।
सत्य बोले झूंठ त्यागे, मेल आपसमें करें ॥
निन्दा किसीकी हम किसीसे, भूलकर भी न करें
धैर्य बुद्धि मन लगाकर, ईश गुण गाया करें ॥२॥

" श्री शांति जिनकी आरति "

जय जय आरति शांति तुमारी,
तोरा चरण कमलकी में जाउं बलीहारि
॥ जय० ॥ १ ॥

विश्वसेन अचिराजीके नन्दा,
शान्तिनाथ मुख पुनम चन्दा ॥जय०॥२॥

चालीश धनुष्य सोवनमयकाया,
मृगलंछन प्रभुचरण चरण सुहाया ॥जय॥३॥

चक्रवर्त्ती प्रभु पांचमा सोहे,
सोलमा जिनवर जग सहु मोहे ॥जय॥४॥

मंगल आरति ओरहिं कीजे,
जनम जनमनो लाहो लीजे ॥ जय० ॥ ५॥

करजोडी सेवक गुण गाये,
सो नरनारी अमर पद पावे ॥ जय० ॥६॥

॥ मंगल दीवो ॥

दीवो रे दीवो प्रभु मंगलिक दीवो,
आरति उतारण बहु चिरंजीवो ॥दी०॥१॥
सोहामणुं घेर पर्व दीवाळी,
अंबर खेले अमरा बाली ॥दी०॥२॥
दीपाल भणे एणे कुल अजुवाली ।
भावे भक्ते विघन निवारी ॥दी०॥३॥
दीपाल भणे एण कलिकाले,
आरति उतारी राजा कुमारपाले ॥दी०॥४॥
अम घेर मंगलिक तुम घेर मंगलिक ।
मंगलिक चतुर्विध संघने होजो ॥दी०॥५॥

सातवारनी करणी

महावीर आव्यो तुंज द्वार जयजयकारीरे,
मोरी अर्ज धरी उर माय हेत वधारीरे ॥१॥

आदित वारे मुख लागे सारुं रे,
कांइ त्रीसला केरा नंद नाम छे प्यारुंरे, ॥२॥
सोमवारे धरी प्रित प्रेमे ।
आसातना थाय लगीर तेहथी धुजीरे ॥३॥
मंगल आंगी अनोपम शोभे सारीरे,
प्रभु दरिसन केरी आश, आवे नरनारीरे ॥४।
बुधे बहु बळवान जिनजी कृपालुरे,
हे त्रिभुवन नायक देव हुं संभाळुंरे, ॥५॥
गुरुवारे शुध सेव देजो अमनेरे,
भवसागरमांथी तार कहींए तमनेरे ॥६॥
शुक्र छे छट्ठो दिन शणगार झाझारे,
प्रभु कंठे शोभे वळीमाळ हीरा छे साचारे ॥७
शनिवारे शुभ ध्यान धरिये तुमारुंरे,
वळी मंत्र थकी नवकार चित्तमां समरीयेरे ८

मुनि जगत्चन्द्र विनवे हेतेरे,
प्रभुसेवकनें पार उतार तुजने भेटे रे ॥९॥

॥ अथ श्री वीरजिन कल्याणक सज्झाय ॥

(आदि अजित श्री शांतिनो, दिठो० ए देशी)

तिरथ नायक वंदिये, जिनवर श्री वर्धमान।
तेहतणा गुण गाइए, वहियें आण प्रमाण ॥
कल्याणक दिन आवियो ॥१॥
गहि गहे भवियण जाण, वीर शिवपद पामीयो।
गोयम केवल नाण, कल्याणक दिन० ॥ २ ॥
भोळा दीवाळी भणे, पडिया लोक प्रवाह।
समकित तेहनुं किम रहे, मिथ्यापर्व उच्छाह।
॥ क० ॥ ३ ॥

केइ कहे कोंडेसरी, मूढ न जाणे भेद ।
वळी विशेषे आदरे, कुगुरू कुधर्म कुदेव ।
॥ क० ॥ ४ ॥

दुर्लभ माणस भव लही, दुर्लभ श्रावक कुळजाण ।
लौकिक पर्वे गर्विया, कांई करो समकित हाण ॥
॥ क० ॥ ५ ॥

चाचर चौपट चोहटे, जुवटुं मांडे रमत ॥
चतुर कहावे ते वळी, चउगति मांहि भमंत ॥
॥ क० ॥ ६ ॥

लींपण मंडण घरतणा, आरंभे षट् काय ॥
उंचे नीचे दीवडे, जिनधर्म हेला थाय ॥
॥ क० ॥ ७ ॥

सेव सुंवाली लाडवा, घर घरे करे अनेक ॥
सपरव दिन जाणी करी, जुवो एह विवेक ॥
॥ क० ॥ ८ ॥

लोकोत्तर मिथ्यामते, केइ जिन भवणनिवेस ॥
सोल प्रहर दिवा करे, कुगुरु तणो उपदेश ॥
॥ क० ॥ ९ ॥

घर घर कल्पे कोडीया, प्रह समे कूटे सूप ॥
चउले नीले सालणे, एहस्युं परव सरूप ॥
॥ क० ॥ १० ॥

थाळ भरी भरी मोकले, जिनवर भोजन काज ॥
जिनवर जाण कहावता, इम नहिं जिनमत राज ।
॥ क० ॥ ११ ॥

पूजावे ते गुरु भणी, यंत्र मंत्र बहु जाप ॥
करी भोळानें भोळवे, सहसे ते संताप ॥
॥ क० ॥ १२ ॥

वनस्पति मन नहु गणे, साधारण प्रत्येक ॥
छेदी करे ते मेरीया, श्रावक नाम अनेक ॥
॥ क० ॥ १३ ॥

धनतेरस तेरसी पड्या, नाणे जयणा लगार ॥
वस्त्र धोवे कारण भणी, व्रत बाळी करे अंगार ॥
॥ क० ॥ १४ ॥

जुहार भटारे धसमसे, बहुला पान तंबोळ ॥
श्रावक कुळ प्रवाहनो, ए कह्यो हलवोल ॥
॥ क० ॥ १५ ॥

धन धन इन दिण आवियो, जे श्रावक सुविचार ।
सोल पहोर पोसा करी, टाळो तसु अतिचार ।
॥ क० ॥ १६ ॥

आगम दीप अजुवाळीए, गणीए मंत्र नवकार ॥
ब्रह्मचर्य जळे नाइए, जुहार दर्शन गुरु सार ॥
॥ क० ॥ १७ ॥

जिनवरनी भावे भावना, मन आणी जिन आण ॥
गुण गावे जिनवरतणा, तेहनो जन्म प्रमाण ॥
॥ क० ॥ १८ ॥

मिथ्यामत जुवारकी, समकित रमे सुजाण ॥
नवतत्त्व नवरस रसवती, शील ते करे मंडाण ॥
॥ क० ॥ १९ ॥

निर्मल मतिवर कापडा, सत्य वचन तंबोल ॥
सुखसागर झीले सदा, करता मन कल्लोल ॥
॥ क० ॥ २० ॥

हिवडां सासननो धणी, वीर जिणेसर देव ॥
गोयम गणधर तेहना, सुरनर सारे सेव ॥
॥ क० ॥ २१ ॥

नाम मात्र तिणने समरतां, अहनिश होइ आणंद ॥
साधुरत्न शिष्य विनवे, सूरि श्री पार्श्वचंद्र ॥
कल्याणक दिन आवियो ॥ २२ ॥ इति ॥

॥ श्री सद्गुरुनी स्तुति ॥

शांति जिणंद प्रणाम करी,
अहनिश जिन चित्त प्रमोद धरी ।
पाप पडल सवि दूर हरी,
सूरिपार्श्वचन्द्र थवशुं हरख भरी ॥१॥

सूरिशिरोमणी जग राजे,
जसु सद्गुरु साहुरयण छाजे ।
वडतपगच्छ नायक गाजे,
सवि अरियण केरादल भाजे ॥ २ ॥

शास्त्र सकल लघुपणे जाणे,
वळि देव प्रभावे मेह आणे ।
रायराणा जेहने प्रणमे,
पूज्य आगल हीयडे मदनाणे ॥ ३ ॥

शीख लही सद्गुरु पासें,
ग्रही संजम समता मनवासे ।
उत्तम लक्षण जसु तनु भासे,
नर नारी गुण गावे रासे ॥ ४ ॥
गुज्झर मरु मालव देशें,
प्रतिबोध्या भवियण उपदेशें ।
कुमति मिथ्यात्व न रहे लेशें,
जिन मारग सुधो सम वेसें ॥ ५ ॥
नयर जोधाणे अनुक्रमे आवे,
लहि अणसण सुरनी गति पावे ।
संघ मिलो पगलां ठावे,
जसु जात्रा दिशोदिशथी आवे ॥६॥
पूज्य थूभ भली महिमा परसे,
सेवक घर कमला केलि करे ॥

परघल पुण्य भंडार भरे,
जसु कीरति चिहुंदिश काज सरे ॥७॥
आतुर अरति रोग साग समे,
भय सात सहि ततकाल गमे ।
अडवी पड्यां जे पूज्यजी नमे,
ते कुशल कल्याणे पंथ क्रमे ॥ ८ ॥
जे गुरु चरणकमल ध्यावे,
सुत वंछे ते नर सुत पावे ।
अष्ट महासिद्धि घर लावे,
दुःख सायर उत्तरि तट जावे ॥ ९ ॥
वयर विरोध सन्ताप टले,
गुरु समर्यां वेरीना मान गळे ॥
नवि भूत न प्रेत पिशाच छले,
ग्रह गोचर भूंडा जाय विले ॥ १० ॥

नयर जोधाणे शोभा सुणी,
वलि नागोर बीकानेर पूजा घणी।
सानिध करो पूज्यजी संघभणी,
मुनि मेघराज भणे सुख लाभ गणी॥१०

॥ श्री भ्रातृचन्द्रसूरीश्वरस्तुति ॥

(हरिगीत—छंद)

श्री पार्श्वचन्द्रसूरीन्द नागपुरीन्द तपगण नभमणी,
तसपट परंपर गणधुरंधर हेमचन्द्रसूरिगुणी।
निग्रंथ गुरु तस पाटराजे आज गावे मुनिवरा,
भवि भक्तिभावे नमो निशदिन भ्रातृचन्द्र-
सूरीश्वरा ॥ १ ॥

छे शांत दांत महन्त किरियापात्र समता सागरु,
पंडितप्रवर विद्वान् बुद्धिनिधान विद्याआगरु।
अघ ओघवारक महाप्रभावक धर्मधोरी धुरंधरा,

भवि भक्तिभावे नमो निशदिन भ्रातृचन्द्र-
सूरीश्वरा ॥ २ ॥

छे भव्य आकृति धर्ममूर्ति प्रभुतुल्य मनोवृत्ति,
तप तेज दीपे कदि न छीपे भाग्यनी चढती रती।
वली शरद शशिसम सौम्यकांति
शांतिवान शुभंकरा,
भवि भक्तिभावे नमो निशदिन भ्रातृचन्द्र-
सूरीश्वरा ॥ ३ ॥

गुरु गच्छनायक ज्ञानदायक संघमां लायक मुदा,
गत राग रोष न दोष जरिए
तोष सुख दुःखमां सदा।
छत्रीस गुणगण युक्तसूरीश्वर
चरणगुणथी अलंकर्या,
भवि भक्तिभावे नमो निशदिन भ्रातृचन्द्र-
सूरीश्वरा ॥ ४ ॥

जिन भाण अस्त थतां सूरीश्वर
ज्ञान दीप प्रकाशता,
मिथ्यांधकार विकार टाळी
भविकजन प्रतिबोधता ।
शुभच्छंद सांकळचंद कहे
पावन करी भारत धरा,
भवि भक्ति भावे नमो निशदिन भ्रातृचन्द्र-
सूरीश्वरा ॥ ५ ॥

॥ श्री सद्गुरु–स्तुतिः ॥

(मालिनी–छंद)

उदयशिखरिचन्द्राः सद्वचोंऽभोधिचन्द्राः,
सुकृतकुमुदचन्द्रा ध्वांतविध्वंसचन्द्राः ।
कुमतनलिनचन्द्राः कीर्तिविख्यातचन्द्राः,
प्रमदजननचन्द्राः श्रेयसेपार्श्वचन्द्राः ।
श्रेयसे भ्रातृचन्द्राः ॥ १ ॥

॥ वन्दे श्रीवीरम् ॥

॥ मूर्तिपूजाविचार ॥

आत्मा निमित्तवासी है। उनके उन्नत और अवनत होनेमें निमित्त कारण ही की प्रधानता है। जिस प्रकार बुरे निमित्तोंसे आत्माकी अवनति होती है उसी प्रकार अच्छे निमित्तोंसे आत्माकी उन्नति होना स्वाभाविक ही है। इसलिये प्रत्येक प्राणीका यह कर्त्तव्य है कि यदि वह अपनी आत्मोन्नति करना चाहे तो अच्छे निमित्तों में रहना चाहिये। प्रत्येक धर्ममें ईश्वरकी उपासना

---

१ उद्धृत–जिनराज भक्ति-आदर्श.

(दर्शन, वंदन और पूजन)को आत्माके उन्नत होनेमें सबसे उत्तम निमित्त माना गया है। जैन धर्ममें भी अपने उपकारी और रागद्वेषसे रहित जिनेश्वर देवकी भक्तिको आत्मोन्नतिमें प्रथम साधन बतलाया है। वह भक्ति, उनके नाम स्मरण, गुणोत्कीर्तन, वंदन, पूजन, आज्ञा पालन आदिसे की जा सकती है।

प्राकृतिक नियमके अनुसार प्राणियोंका मूर्ति (प्रतिबिम्ब) की ओर अधिक फुकाव देखा जाता है। मूल वस्तुको पहिचानने और स्मरण करने में मूर्ति या चित्रकी नितान्त आवश्यकता रहती है। स्थापनाको माने बिना किसीका भी व्यवहार नहीं चल सकता।

इससे अति प्राचीन कालसे भारत वर्षकी जनता मूर्तिपूजाको मानती आई है, किन्तु जब भारतमें मुसलमानोंका साम्राज्य हुआ तो उनके बर्तावका भारतवर्षकी जनता पर बहुत प्रभाव पड़ा। मुसलमानो द्वारा बहुतसे प्राचीन मन्दिरोंके विध्वंस किये जाने परभी कुछ अवशेष मन्दिर व भूमिअन्तर्गत प्राप्त शिलालेख और प्राचीन धर्मशास्त्रों द्वारा मूर्तिपूजाकी प्राचीनता ऐतिहासिक प्रमाणों से सिद्ध हैं।

मूर्त्तिपूजाका उद्देश्य

जिनेश्वरकी मूर्ति जिनेश्वर समान लाभ-दायक है। जो प्रभु उपासना का उद्देश्य है

वही मूर्तिपूजा का उद्देश है। जैन सिद्धान्तों का कथन है कि प्रत्येक आत्मा सत्ता या निश्चयनयके अनुसार परमात्म स्वरूप है। संसारी आत्माकी यह परिस्थिति कर्मों के वश है और आत्मा परपुद्गल विषयमें आसक्त होकर कर्मबन्धन करता है। आत्माकी यह सकर्म सांसारिक अवस्था है। परमात्मा और आत्मामें यदि अन्तर है तो यही कि संसारी आत्मा कर्म साहत है, परमात्मा कर्म रहित शुद्ध स्वरूप है। इस लिये आत्माकी परम विशुद्ध अवस्थाही का नाम परमात्मा है। उन परमात्माकी सेवा-भक्तिका उद्देश्य यह नहीं हैं कि उनसे कोई सांसारिक सुखोंको मांगना लेकिन उनके दर्शन-का उद्देश तो

यह है कि उनके गुणोंको स्मरण करना, इस लिये आत्माके शुद्ध परमात्म स्वरूप का ध्यान करना या याद करके मै परमात्म स्वरूप होते हुए भी ऐसी परिस्थिति में क्यों हूँ। अपनी आत्मोन्नतिके मार्गको विचारना प्रभु दर्शन का मुख्य उद्देश्य है। उनकी भक्तिका उद्देश्य यह भी है कि उनके गुणानुरागी हो कर अपने जीवनमे से दुर्गुणों का नाशकर उनके गुणोंको प्राप्त करना। अतः अपनी आत्माको परमात्म स्वरूप बनाने के लिये मूर्तिपूजा पुष्ट आलंबन या कारण है। आत्मासे परमात्म रूप बननेमें उपादान कारण तो आत्मा ही है यह कभी भी न भूलना चाहिये, क्योंकि यदि अपन पाप वासनाओमें लिप्त

रहेंगे तो केवल दर्शन वंदन मात्रसे प्रभु तार नहीं सकते है। परन्तु अत्यंत संसारिक मोहमें फसे हुए प्राणियोंको प्रभु प्रतिमा एक उत्तम मार्गदर्शक हैं। यह बात हम कभी भी न भूलें।

दूसरा उद्देश्य यह है कि उपकारी के उपकार को मानना। जिनेश्वरदेवने आत्मा आदि द्रव्यों का यथार्थ स्वरूप बतलाकर आत्मोन्नति (धर्म) के मार्गका निःस्वार्थ उपदेश देकर अपने पर महान उपकार किया है. इसिलिये उपकारको स्मरणकर उनकी भक्ति करना योग्य है।

मूर्ति पूजा व दर्शनसे लाभ.

१. प्रभुकी मूर्तिके दर्शन और पूजनादिसें पापोंका क्षय और पुण्यकी वृद्धि होती है। तथा मोक्षमार्ग की प्राप्ति होती है।

२. जिन-प्रतिमाके दर्शन व पूजनसे अच्छे भावोंकी जागृति होती है इससे "भाव विशुद्धि" नामक लाभ होता है।

३. प्रभु के दर्शन व पूजनसे श्रद्धा स्थिर रहती है। कई स्थानोमें यह भी देखा जाता है कि जहाँ मुनि विहार आदि न होने पर भी प्रभु-दर्शन पूजन करने के कारण जैनधर्ममें दृढता रहती है कि पूर्वपरम्परासे हमारे पूर्वज इस कार्यको करते आये हैं इसी

से हम जैनी है यह जानते हैं। जिससे उनका सुधार एवं उद्धार भी होता है, और वे धर्मसे च्युत नहीं होते।

(४) इतिहासमें भी मूर्ति और मन्दिर के शिलालेखों द्वारा जो लाभ हुआ है वह प्रत्यक्ष ही है।

(५) शिल्प कलाको इसमें बहुत पोषण मिला है और मिलता है।

(६) द्रव्यको शुभ मार्गमें लगानेका यह प्रशस्त मार्ग है इत्यादि अनेक लाभ है।

इसलिये मूर्तिका दर्शन, वंदन, पूजन नित्य करना चाहिये। यदि अरिहन्त भगवान साक्षात् मिलें तो उनकी सेवामें उपस्थित हो

कर अष्ट द्रव्यसे भक्ति पूजन करना चाहिये. अन्यथा उनकी वैसी ही ध्यानाग्र शान्तिमय वीतराग प्रतिमाको स्थापित करके उसके द्वारा अरिहन्त भगवान का पूजन करना चाहिये। हमारी आत्मा पर जैसा प्रभाव साक्षात् अरिहन्त के ध्यानमय वीतराग प्रतिष्ठित प्रतिमाके दर्शन व पूजनसे पडता है वैसा ही प्रभाव उनकी ध्यानमय वीतराग प्रतिष्ठित प्रतिमा के दर्शन व पूजनसे पडता है। प्रगट देखा जाता है कि जैसे चित्र देखनेमें आते हैं वैसे ही भाव देखने वाले के चित्रमें अवश्य पैदा होते है। मन्दिरमें भगवानकी वीतराग शान्तिमय प्रतिमाके देखनेसे चित्त आपही आप वैराग्य के भावोंसे

भर जाता है। और उनके निर्मल गुण स्मरण हो आते हैं। इसलिये गृहस्थोंको चाहिये कि वे नित्यप्रति अष्टद्रव्यसे भगवान का पूजन करें। प्रतिमाकी स्थापना भावोंको बदलने के लिये है, प्रतिमासे कुछ मांगनेकी न जरुरत है, न प्रतिमा इसलिये स्थापित ही की जाती है। अतः दर्शन तो प्रत्येक बालक बालिका, स्त्री पुरुषको नित्य करना चाहिये। पूजन यदि नित्य न हो सकें तो कभी कभी अवश्य करना चाहिये। जहां प्रतिमा या मन्दिरका समागम न हो तो वहां परोक्षध्यान करके स्तुति ही पढ़ लेनी चाहियें, तथा एक दो जाप और जप करके भोजन करना चाहिये। पूजा व दर्शन का फल सूत्रों में अनेक

जगह हित सुख, क्षमा और मोक्षका दाता कहा है। इससे प्रत्येक श्रावक और श्राविका को विधि सहित नित्य दर्शन और प्रतिदिन पूजन अवश्य करना चाहिये।

प्रभुदर्शन.

जिस प्रकार हम अपने पूज्य के सामने जाते हुए बस सांसारिक विचारोंको छोड कर मान या प्रेमके विचार दिलमें रखते है उसी प्रकार हमें मंदिरजीमें भगवानके दर्शनों को जाते हुएभी करना चाहिये। दर्शन शब्दका अर्थ क्या है? किसी पूज्यके सामने, हाथ जोडकर, मनमें भक्ति के भाव रखकर, उन्हें एक दृष्टिसे देखनेका नाम दर्शन करना है।

और दर्शनका अर्थ यह हैं कि दूसरे के प्रति विनय दिखलाना और उनका मान करना। दर्शनका दूसरा अर्थ सम्यक्त्वभी हैं। दर्शन करनेसे सम्यक्त्वकी प्राप्ति होती है और प्राप्त हुआ सम्यक्त्व निर्मल होता है।

इसलिये दर्शन किये विना हमें भोजन कभी नहीं करना चाहिये। रोज सवेरे उठकर मुह, हाथ, पाव, धोकर सबसे पहिले प्रभुके दर्शन करने चाहिये। घरसें निकले पीछे दर्शन करनेके सिवाय और कोइ विचार हमारे मनमें नहीं होने चाहिये। रास्तेमेंभी कोइ दूसरी बात नहीं करना चाहिये। ऐसा करनेसे हमें दर्शनोंका फल मिलेगा। इस जन्म और

दूसरे जन्मोंमें हमारा कल्याण होगा। हमारे दुःख दूर होंगे और हम सुखके भागी होयेंगे।

*देव दर्शन विधि.

श्री मंदिरजीमें देव दर्शन करने के लिये जाते समय सम्पूर्ण और स्वच्छ वस्त्र पहन कर उत्तरासंग करके जाना चाहिये। क्योंकि प्रभु तो राजा और इन्द्रोसेभी बडे हैं इसलिये उनके सामने जैसे तैसे (अशुद्ध) वस्त्रों समेत नहीं जाना चाहियें।

मंदिरजीके पहिले दरवाजेमें प्रवेश करतेही पहिली [1]निसिही (संसारिक सावद्य

---

*आत्मानंद जैन शिक्षावली दूसरा भागमेंसें उद्धृत।

१. त्याग।

कार्य छोडने रूप) करनी चाहिये। ईस समय अपने घर बारके कामोंका मनमें विचार न होना चाहिये परन्तु यदि मंदिरजीका कोइ काम हो तो उस पर ध्यान दे सकते हो। और मंदिरजीमें जहां कही कूडा कचरा जालीआ दि दिखाइ दे उसेभी यत्ना पूर्वक दूर कर सकते हो।

जब प्रभु प्रतिमा दूरसेही नजर आने लग जाय तब दोनों हाथ जोडकर [1] "नमो जिणाणं" कहना चाहिये। फिर प्रभुकी दाइं तरफसे उनकी तीन प्रदक्षिणा देनी चाहियें।

---

१ "नमो जिणाणं" अर्थात् राग-द्वेषको जीतनेवाले भगवानको नमस्कार हो।

जिससे हमारा संसारमें बार बार आना जाना कम हो और रत्नमय (सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्र) की प्राप्ति हो। अर्थात् अपने अन्दर श्रद्धा विवेक और सदाचार प्रगट हो।

फिर जिस जगह भगवान विराजमान हो उनके बीचके द्वारपर (मूल गंभारे के पास) पहुंच कर दूसरी 'निसिही' कहनी चाहिये, और फुककर "दर्शनं देव देवस्य! तुभ्यं नमः" आदि जिनेश्वर भगवानकी स्तुतिएँ कह भगवानका पूर्ण भावसे नमस्कार करना चाहिये। दूसरी निसिही करनेसे मंदिर संबंधी कामकाज का त्याग होता है और दर्शन करनेका काम

आरम्भ होता है। [1]दर्शन करते समय पुरुषोंको प्रभुको दाईं तरफ और स्त्रियों को बाईं तरफ खडे होना चाहिये। और वहाँ मीठे स्वर और शांत चित्तसे श्लोक या दोहे आदि बोल कर प्रभुका गुण कीर्तन करना चाहिये। (इस प्रकार स्तुति करनेके बाद धूप पूजा करनी चाहिये) तत्पश्चात् चैत्यवंदन करने के स्थान पर आकर उत्तरासंगसे भूमिको तीन बार पुंज कर, बैठ कर पाट पर स्वच्छ अखंड चावलोंसे बडा सुंदर साथिया करना चाहिये। पहिले तीन डेरियां करनी चाहियें और उसके नीचे साथिया

---

१ यदि पूजा करनेके लिये जाओ तो मूल गंभारेमें प्रवेश करते दूसरी निसिही कहो और पूजाका काम आरम्भ करदो।

करना चाहिये। और उसके उपर सिद्ध-शिला तथा सिद्ध स्नान बनाने चाहिये । जैसेः—



साथिया और सिद्ध स्थान पर नैवेद्य (बताशे, पेंडे आदि) तथा फल (सुपारि नारियल आदि) चढाने चाहियें। नैवेद्य और फल अच्छे होने चाहिये। क्योंकि भगवानके आगे जो कुछभी चढाया जाय वह सब शुद्ध और अच्छी वस्तु होनी चाहिये। साथिया करके

उस पर दृष्टि रक्खकर दोनों हाथ जोडकर प्रभुसे यह प्रार्थना करनी चाहिये "हे प्रभो। ज्ञान दर्शन और चारित रूप यह तीन रत्न दे कर और देव, मनुष्य, तिर्यंच और नरक इन चार गतियोंसे छुडा कर मुजे ऐसी शक्ति दीजिये जिससे मैं सिद्ध स्थानको प्राप्त कर सकूं" पूजा करनेवाला पूजा करके पीछे उपरोक्त विधि करे। और बादमें चैत्यवंदन करें।

फिर तीसरी "निसिही" कह कर एक खमासमण दे कर [1]इरियावहियं से प्रकट लोगस्स तक कहे। बादमें तीन खमासण दे

---

१. चैत्यवंदनके पहिले एक खमासमण इरियावहियं, तस्स उत्त, अन्नत्थ० बादमें लोगस्स का काउस्सग्ग पीछे प्रगट लोगस्स कहें।

कर चैत्यवंदन करना चाहिये। इस निसीहि से दर्शन अथवा पूजा करनेके काम का त्याग होता है और चैत्यवंदनका काम आरम्भ होता है। चैत्यवंदन विधिपूर्वक करना चाहिये। इधर उधर किसी तरफभी ध्यान न करके केवल प्रभुके मुखपर ही दृष्टि रखनी चाहिये। चैत्यवंदनमें स्तवन ऐसे मधुर स्वरसें कहने चाहिये। जिसे सुनकर दूसरोंकोभी आनन्द मिलें। स्तवनमें प्रभुके गुणोका वर्णन होना चाहिये। स्तवन बहूत उंचे स्वरसे न गाना धीरे धीरे कहने चाहिये। जिससे शांतिके साथ गाते हुये दूसरे किसी मनुष्यको बाधा न पहुँचे। कायोत्सर्ग (काउसग्ग) करते हुए

दृष्टि या तो नाक के सिरे पर या प्रभुजी पर रखनी चाहिये।

चैत्यवंदनके बाद यदि गुरु के पास पच्चक्खान न लिया हो तो एक खमासमण दे कर उसका उपयोग करे। प्रभुजीकी आज्ञानुसार हमको नित्य प्रति कमसे कम एक पच्चक्खान अवश्य करना चाहिये। थोडी सामग्रीसे जीवन व्यतीत करना नतीजे में जीवन सुखी रहता हैं। ज्यादा सामग्रियों से रहनेकी यदि आदत हो जावे तो उसी माफिक सामग्रियां न मिलने पर प्रायः अपने मनको दुःख होता हैं। अपने मनको हंमेशां त्याग, सादाई, सहनशक्ति तथा काबूमें रहनेकी शिक्षा देनी

चाहिये। पच्चक्खान कई प्रकारके हैं। जैसे नवकारसि, पोरसि आदि। यदि पच्चक्खाण लिया हो तो जब घर आवे तब पच्चक्खानका समय पूरा होने पर (जैसे नवकारसीका सूर्योदय होनेसे दो घडी पूरी हो जावे जब पोरसीका एक प्रहर होने पर इसी प्रकार और भी गुरु गमसे जान लेना) मुंठी बंद कर तीन नवकार गिनना जिससे मतलब पच्चक्खान पारना है पीछे मुंहमे पानी डालना चाहिये।

चैत्यवंदन समाप्त हो जाने पर देवदर्शनका कामभी समाप्त हो जाता है। फिर यह दिखलानेके लिये "हे प्रभो! आपही मेरे

सच्चे देव हो" धीरे धीरे घंटा बजाना चाहिए जिस में दूसरों को बाधा न पडें मंदिरजीसे बहार निकलते हुए पिछलेही पैरोंसे निकलना चाहिये। कि जिससे प्रभुजीकी ओर पीठ न हो। मंदिरजीमें आते जाते मार्गको देख कर चलना चाहिये। ऐसा न हो की कहीं ठोकर लग जाय, या कांटाही चुभ जाये या कोइ जीव जन्तु ही पांवके नीचे आ जायें।

जिनपूजा

पूजा करनेवालेको शुद्ध जलसे स्नान करके पूजा करनी चाहियें। पूजाके वस्त्र शुद्ध साफ और सफेद होने चाहियें। पूजा करते

समय नासिका तक आठ तहोंवाला मुखकोश बांध लेना चाहियें। फिर बडे विवेक और शुद्धता के साथ चंदन घिस कर उसमें पवित्र केसर और बरास (भीमसेनी कर्पुर)आदि वस्तुएं मिला लेनी चाहियें। इसमें से एक कटोरीमें अलग चंदनादि लेकर अपने मस्तक, गले, छाती और नाभि पर तिलक करना चाहियें। फिर दूसरी कटोरीमें चंदनादि लेकर मूल गंभारोंमें जाना चाहिये। प्रथम मूल गंभारा फूल-(मुलायम) झाडुसे साफ करें बादमें प्रभुके उपरसे गहने, आंगी, फूल आदि उतारने चाहिये (उतरे हुए फूलोंको ऐसी जगह पधराना चाहिये जहां उन पर किसीका पैर न आवे)। फिर मोर पींछीसे पुंज कर

पंचामृत (गऊंका दूध, दहीं, घी, मिश्री और पानी) से कलश भरकर, और "ॐ ह्रीं श्रीं परम पुरूषाय परमेश्वराय जन्मजरामृत्यु निवारणाय श्रीमते जिनेन्द्राय जलं पूजा यजामहे स्वाहा" यह मंत्र कहकर प्रभुका प्रक्षाल करना चाहिये। फिर एक पात्रमें पानी लेकर उसमें एक छोटासा कपडा भिगो भिगो कर उससे चंदन आदि साफ करलेना चाहियें। फिर जहा हाथ न फिर सके ऐसे स्थान पर खसकी कूचीसे प्रतिमाजीको धीरे धीरे खूब साफ करना चाहिये और शुद्ध पानीसे प्रक्षाल करना चाहिये। फिर तीन अङ्ग लूहणा (कपडों) से प्रभुके अंगको उपयोग सहित धीरे धीरे साफ करना चाहिये।

न्हवनका जल ऐसी जगह डालना चाहिये जहां किसीका पैर न आवे और जल्दी सुक् जावे।

पूर्वोक्त विधिसे जल पूजा करके शुद्ध चन्दनादिसे प्रभुके २चरण, २ जानु, २ कर, २ कंधे, १ मस्तक, १ भाल, १ कण्ठ, १ उर, और नाभि १ इस नव अंगो पर १३ तिलक करने चाहियें। साथ साथ निम्न लिखित नव अंग पूजनेके दोहे बोलने चाहियें।

अंगूठा (चरण)-जल भरी संपुटपत्रमां,
युगलिक नर पूजंत।
ऋषभ चरण अंगूठडो,
दायकभव जल अंत ॥१॥

घुंटन (जानु)–जानु बले काउस्सग्ग रह्या,
विचर्या देशविदेश।
खडां खडां केवल लह्युं,
पूजो जानू नरेश ॥२॥
हाथ (कर)–लोकांतिक वचने करी,
वरस्या वरसीदान।
करकांडे प्रभु पूजना,
पूजो भवि बहुमान ॥३॥
खंभा (स्कंध)–मान गयुं दोय अंशथी,
देखी वीर्य अनंत।
भुजा बले भवजल तर्या,
पूजो खंध महंत ॥४॥
मस्तक–सिद्ध शिला गुण उज्ज्वली,
लोकांते भगवंत।

वसीया तेणे कारण सवि,
शिर शिखा पूजंत ॥५॥
ललाट-(भाल) तीर्थंकर पद पुण्यथी,
त्रिभुवन जन सेवंत ।
त्रिभुवन तिलक समा प्रभु,
भाल तिलक जयवंत ॥६॥
कंठ-सोल पहोर प्रभु देशना,
कंठ विवर वर्तूल ।
मधुर ध्वनि सुरनर सुणे,
तीणे गले तिलक अमूल ॥७॥
हृदय (उर)-हृदय कमल उपशम वले,
बाल्या रागने रोष ।
हिम दहे वन खंडने,
हृदय तिलक संतोष ॥८॥

नाभि–रत्नत्रयी गुण उज्ज्वली,
सकल सुगुण विश्राम ।
नाभि कमलनी पूजना,
करतां अविचल धाम ॥९॥
उपदेशक नव तत्त्वना,
तिणे नव अंग जिणंद ।
पूजो बहुविध रागशुं,
कहे शुभवीर मुणींद ॥१०॥

पूजा करते समय और कुछ बोलना नहीं चाहियें । फिर मंत्र बोलकर पुष्प पूजा करनी चाहियें। पुष्प भी शुद्ध होने चाहियें । माली आदिसे लिये होवें तो उन पर पानी छिडक लेना चाहिये । फूलोंकी पंखडियां आदि टूटी

हुई न हों, पुष्प संपूर्ण हो फिर मंत्र बोल कर धूप पूजा करनी चाहिए धूप पूजा करके धूप-दानीको प्रभुकी नाई ओर कुछ दूर फासले पर रख देना चाहिये। फिर घीका दीपक जलाकर दीपक पूजा करनी चाहियें और पूजा करके दीपक प्रभुकी दाई ओर लालटैन (फानूस) में रखदेना चाहियें। पूजा शुरु करनेसे पहिले दीपक और धूप प्रगट करने चाहिये।

प्रायः प्रभुकी पूजा ८ वस्तुओंसे की जाती है. जिनमेंसे ५ कातो ऊपर वर्णन हो चुका है। और बाकी तीन (अक्षत, नैवेद्य और फल) चैत्यवंदन करते समय साथिये पर चढाई जाती हैं।

卐 साथीया करते वखत निम्न लिखित बोलें 卐

दर्शन ज्ञान चारित्रना,
आराधनथी सार ।
सिद्ध शिलानी उपरे,
हो मुज वास श्रीकार ॥१॥

अक्षत पूजा करतां थकां,
सफल करूं अवतार ।
फल मांगुं प्रभु आगले,
तार तार मुझ तार ॥२॥

संसारिक फल मागीने,
रवडयो बहु संसार ।
अष्ट कर्म निवारवा,
मागुं मोक्ष फल सार ॥३॥

चीहुं गति भ्रमण संसारमां,
जन्म मरण झंजाल ।
पंचम गति विण जीवने,
सुख नहीं त्रिहुं काल ॥४॥

॥ जैनमंदिरमें करनेकी विधिका क्रम ।

देरासरका द्वारके आते, हि मैं घरकी और संसारकी सर्व बातोंको त्यागता हूं. एसी प्रतिज्ञा के लिये "निसीहि" कहकर प्रवेश करना, पिछे जिनेश्वरप्रभुकी मूर्तिको देखते, हि 'नमो जिणाणं, कहकर करदोयको जोड-कर मस्तकको झूकाकर नमस्कार करना.

ततः देरासरकी जीमणी बाजुं देरासरकी

तीन प्रदक्षिणाएं देनी, और मनमें एसी भावना करनी कि "संसार भ्रमणसें छुटने के लिये प्रभुकी जीमणी बाजुसें तीन प्रदक्षिणा अनुक्रमसें ज्ञान–दर्शन,–चारित्र्यकी प्राप्तिके लिये देता हूं. तदनंतर गभारामें प्रवेश करके दूजी "निसीहि" कहना और चिन्त्वन करना के देरासर संबंधी अभि सावद्य व्यापारको मैं त्यागता हूं.

प्रभुके सन्मुख खडे रहकर स्तुति करना

छे प्रतिमा मनोहारिणी,
दुःखहरी श्री वीरजिणंदनी,
भक्तोने छे सर्वदा सुखकरी,
जाणे खीली चंदनी;

आ प्रतिमाना गुण भाव धरीने,
जे माणसो गाय छे,
पामी सघळा सुख ते जगतना,
मुक्ति भणी जाय छे ॥१॥

देवाधिदेव ! परमेश्वर ! वीतराग !
सर्व्वज्ञ ! तीर्थंकर ! सिद्ध ! महानुभाव !
त्रैलोक्यनाथ ! जिनपुंगव ! वर्धमान !
स्वामिन् ! गतोऽस्मि शरणं चरणद्वयं ते ॥२॥

राजेमती गुणवती, सती सौम्यकारी,
तेने तमे तजी थया, महाब्रह्मचारी;
पूर्वे भवे नव लगे, तुम स्नेह धारी,
हे नेमिनाथ भगवंत परोपकारी ॥१॥

सम्मेतशैलशिखरे प्रभुपार्श्व सोहे,
शंखेश्वरा अमीझरा, कलिकुंड मोहे;
श्री अश्वसेन कुलदीपक मातु वामा,
नित्ये अचिंत्य महिमा प्रभु पार्श्वनामा ॥१॥

प्रभुदर्शन सुख संपदा, प्रभुदर्शन नवनिध,
प्रभुदर्शनथी पामीये, सकल पदारथ सिद्ध;
भावे भावना भावीए, भावे दीजे दान,
भावे जिनवर पूजीए, भावे केवळ ज्ञान ॥२॥

अनंतर साथीआ करना.

साथीआ करती वखत भावनेका दूहा

तिहां पहले चावल (चोखा) की सिद्ध शिला और तिनकी नीचु तीन ढगलीएं करती समय निम्नलिखित भावना भाववी.

सिद्ध शिला और ढगलीएं करती समय

दर्शन, ज्ञान, चारित्रना, आराधनथी सार ।
सिद्ध शिलानि उपरे, हो मुज वास श्रीकार १

साथीआ करते समय तथा फल समर्पणके समय

अक्षत पूजा करतां थकां, सफल करुं अवतार ।
फल मागुं प्रभु आगळे, तार, तार, मुज तार १
संसारिक फल मागीने, रवडयो बहु संसार ।
अष्ट कर्म निवारवा, मागुं मोक्ष फळ सार २
चिहुं गति भ्रमण संसारमां, जन्म मरण जंजाल ।
पंचम गति विण जीवने, सुख नहिं त्रिहुं काळ ३

त्यारबाद द्रव्य पूजासे निवृतिके लिये तीसरी निसीहि कहकर तीन खमासमण देकर चैत्यवंदन करना.

॥ प्रभुको पूजा करनेकी विधि ॥

मन, बचन और कायाशुद्धि, तथा वस्त्र-शुद्धि पूर्वक मुखपे अठपडा मुखकोषको बांध-कर, प्रथममूर्तिके उपर दृष्टिको ठहराकर प्रभुके–अंग परसे निर्माल्यको त्यागना. और मयुरपीच्छिसे प्रमार्जन करना तथा पंचामृत (गौका दुग्ध, दहीं, घृत, शर्करा और जल) से अभिषेक करना.

दुग्धका प्रक्षालन करते २ पढना

मेरु शिखर नवरावे हो सुरपति,
मेरु शिखर नवरावे,
जन्मकाल जिनवरजीको जाणी,
पंचरूप करी आवे हो सुरपति,
मेरु शिखर नवरावे ॥१॥

(यदि केसर चिटक गया हो तो वहां वालाकुंचीका उपयोग करना) और शुद्ध जलसे प्रभुका अंगको पक्षालन करें.

जलका प्रक्षालन करते समय पढनेका दुहा.

ज्ञान कलश भरी आतमा,
समता रस भरपुर;
श्री जिनने नवरावतां,
करम थयां चकचूर, ॥ १ ॥

जल पूजा करते समय इस प्रकारकी भावना भावनी कि;—" हे प्रभो ! जलसे आपकी पूजा करके मैं सा चाहता हूं कि— आपने स्नान करानेसे जैसा बाह्यमळ दूर होता है. वैसा मेरा अन्तरमळ (कर्मरूपी मळ) दूर हो.

अनन्तर श्वेत, कोमळ त्रणे अंगुलेसे अंगको लुछना और कटोरी हस्तमें धरकर केसरयुक्त चंदनसे प्रभुका नौ अंगमें तिलक करना.

" नौ अंगमे अर्चन करते समय पढनेका नौ दुहें "

प्रथम कहे हूए दूहे बोलना.

चंदन पूजा करते समयकी भावना

' हे प्रभो आपकी चंदन पूजा करके में भि ऐसी इच्छा धरता हुं कि जैसे चंदन अंग प्रत्यंगोमें—शीतल है वैसाहि मेरा चित्तभी काम क्रोधादि तापोंसे दूर होकर शान्त (शीतळ) हो.

फिर हरेक जातके सुगन्धी पुष्पोंसे प्रभुके अंगका पूजन करना माल्यादि धराना.

'पुष्पोंको धरानेके समय पढनेका'

प्रभु कंठे ठवी फुलनी माळा,
फुल थकी व्रत उच्चरीए रे;
चित्त चोखे चोरी नवि करीए,
नवि करिए तो भवजळ तरीएरे चित्त०
स्वामी अदत्त कदापी न लीजे,
भेद अढारे परिहरीएरे चित्त० ॥१॥

पुष्प पूजा करते समयकी भावना

हे प्रभो ! आपको उन पुष्पोंको चढानेसे मुझको पंचाचारकी प्राप्ति हो.'

तत्पश्चात् सुगन्धी दशाङ्ग वा अष्टांग धूपको उवेखनेकी समय पढनेका दूहा.

अमे धूपनी पूजा करीएरे,
ओ मन मान्या मोहनजी;

प्रभु धूप घटा अनुसरीएरे,
ओ मन मान्या मोहनजी;
प्रभु कोइ नहि तुम तोलेरे,
ओ मन मान्या माहनजी ॥१॥

धूप पूजा करते समय ऐसी भावना भाववी कि–हे प्रभो आपके समक्ष धूप करने से जैसे बाह्य अशुभ पुद्गल दूर होता है, इस तरह धूप पूजासे मेरा आन्तरिक अशुभ पुद्-मल दूर हो, और शुभ भावनाकी श्रेणी धूएके धूवोंकी तरह उंचे हो.

ततः दीपक पूजा करना उसका दूहा.

द्रव्य दीपक तमहरे, ज्ञान दीपक हरे अज्ञान,
तेणे दीपकनी पूजना, करो भवि बहुमान् ॥१॥

दीपक पूजनकी भावना–हे प्रभो ! आ

दीपक पूजा यथा द्रव्य अंधकारको दूरकर प्रकाशको फैलाती है, तथा आपकी दीपक पूजा करनेसे मेरा आत्मामें अनादि कालसे रहता हुआ अज्ञानरूप अन्धकार दूर हो और ज्ञानरूप दीपक प्रगट हो.

तदवसरे उज्ज्वल अक्षतोंसे पूजन करना चाहिए

दुहो.

अक्षत पूजा करतां थकां, सफळ करुं अवतार,
फळ मागुं प्रभु आगळे, तार तार मुज तार.

अक्षत पूजा करते वख्तकी भावना—'हे प्रभो ! जैसे तंदुलका नाम अक्षत हैं और जाति से भि उज्ज्वल है, वैसा कर्ममलसे उज्ज्वल मेरा आत्मा सदाके लिये अक्षयपदको प्राप्त करें.

नैवेद्य पूजा करनी तिनका दूहा

अणाहारी पद पामवा, नैवेद्य पूजा सार;
नैवेद्य धरुं प्रभु आगळे, पामुं भवनो पार.

नैवेद्य पूजाकी भावना–" हे प्रभो ! आप निर्वेदी और अणाहारी हो लेकिन आपका सन्मुख नेवेद्यधरकर आपको इतनीहि प्रार्थना करता हुं कि मुझको क्षुधाका दोषसे मुक्तकर आपके जैसा अणाहारी पद परमानंद भय प्राप्त हो.

फळ पूजाका दूहा.

संसारिक फळ मागीने, रडवडयो बहु संसार,
अष्टकर्म निवारवा, मागुं मोक्ष फळ सार. ॥१॥
चिहुं गति भ्रमण संसारमां, जन्म मरण जंजाळ,
पंचम गति वीण जीवने, सुख नहिं त्रिहुंकाळ. ॥२॥

फळ पूजा बखतनी भावना.

हे प्रभो ! यह फळ आपके चरणकमलोमें धरकर इतना हि चाहता हुं कि यह फलपूजा करनेसे मुझको मोक्षरूप फल प्राप्त हो तदनंतर विधि मुजब चैत्यवंदन करें.

विविध विषयोंके प्रश्नोत्तर संग्रह

१ प्र० परमेष्ठी किसे कहते है ?

उ० जे जीव परमे अर्थात् उत्कृष्टे स्वपरूमें समभावमें स्थित हे वोही परमेष्ठी कहलाते है ।

२ प्र० परमेष्ठी कितने प्रकारके है ?

उ० परमेष्ठी पांच प्रकारके है ।

३ प्र० अरिहंत किसे कहते है ?

उ० अरि याने राग–द्वेषादि अभ्यन्तर शत्रुको हंत यानि हननेवाले जो केवल ज्ञान प्राप्त करके भव्य जीवोको प्रतिबोध देते है और प्रतिबोध देनेके लिये विचरते है ऐसे बारह गुणयुक्त तीर्थंकर भगवानको अरिहंत कहते है। अरिहंत भगवानके बारह गुण है।

४ प्र० सिद्ध भगवान किसे कहते है ?

उ० आठ कर्मोका सर्वथा क्षय करके जिन्होंने मोक्षपद प्राप्त किया है उनको सिद्ध भगवान कहते है सिद्ध भगनके आठ गुण है।

५ प्र० आचार्य महाराज किसे कहते है ?

उ० पांच आचारको जो पाले और अ-

न्यको पलावे एवं धर्मके जो नायक है साधुओमें जो राजा समान है उनको आचार्य महाराज कहते है। आचार्य महाराजके छत्तीस गुण है।

६ प्र० उपाध्यायजी महाराज किसे कहते है?

उ० जो सिद्धान्तको पढे और अन्यको पढावे और पच्चीसगुणयुक्त हो उनको उपाध्याय कहते है साधुओमें आचार्य महाराज राजा समान है। और उपाध्यायजीमहाराज प्रधान समान है उपाध्यायजीमहाराजके पच्चीस गुण है?

७ प्र० साधु किसे कहते है ?

उ० जो मोक्षमार्गको साधनेके लिये यत्न करे सर्वविरति (साधुधर्म) चारित्र

लेकर सत्ताईस गुण युक्त हो उनको साधु कहेते है। साधुमहाराजके सत्ताईस गुण है।

८ प्र० पहिले सिद्धको नमस्कार करना चाहिये अरिहन्तोको कैसे ?

उ० यद्यपि कर्म–विनाशकी अपेक्षासे अरिहन्तोसे 'सिद्ध' श्रेष्ठ है। तो भी कृतकृत्यताकी अपेक्षासे दोनो समान ही है और व्यवहारकी अपेक्षासे तो सिद्धसे अरिहन्त ही श्रेष्ठ है। क्योंकि सिद्धोके परोक्ष स्वरूपको बतलाने वाले 'अरिहन्त' ही है इसलिये व्यवहार–अपेक्षासे अरि-

हन्तोको श्रेष्ठ गिनकर पहिले उनको नमस्कार किया गया है।

९ प्र० जैन किसे कहते है ?

उ० जिनेश्वर भगवानने फरमाये हुए धर्मको माननेवालेको जैन कहेते है और जो क्रोधादि चार कषाय एवं पांच इद्रियोको जीतनेका प्रयत्न करे उनको जैन कहते है।

१० प्र० जिन किसे कहेते है ?

उ० जिन्होंने राग-द्वेष मोह, अज्ञान, आदि अढारह भाव शत्रुओंको सर्वथा जितके अनन्त ज्ञान अनन्त सुख प्रगट किया है, उन्हे जिन कहते है।

११ प्र० जिनेन्द्र किसे कहते है ?

उ० जिन अर्थात् सर्वज्ञ वीतराग देवोमें (इन्द्र) श्रेष्ट हो उन्हें जिनेन्द्र कहते है !

१२ प्र० तीर्थंकर किसे कहते है ?

उ० साधु साध्वी श्रावक श्राविकरूप चतुर्विधसंघकी स्थापना करके धर्म तीर्थ प्रवर्त्ताकर अनेक भव्यजीवको संसारसमुद्रसे पार करते है वेही तीर्थंकर कहे जाते है।

१३ प्र० धर्मका मूल क्या है ?

उ० विवेक पूर्ण अहिंसा और सत्य

१४ प्र० जैन कोन बन शकता है ?

उ० उच्च नीतिमान मनुष्यही जो बन शकता है चाहे वह किसीभी जतिका

हो लेकिन आचार विचार जैन धर्मको मुताबिक होने चाहिये ।

१५ प्र० दैनिक षट्कर्म कौन कौनसे है ।

उ० नित्य प्रति जिनेश्वर भगवानकी पूजा करना, गुरुकी भक्ति करना, स्वाध्याय (तत्वबोधक धर्मशास्त्रका विनयपूर्वक समझकर पढना) अर्थात् धर्मतत्त्व–ज्ञानको बढाना, संयम (चारित्र)का पालन करना, तपका अभ्यास करना और दान देना ये गृहस्थके छह दैनिक कर्म है ।

१६ प्र० नीतिका क्या अर्थ है ?

उ० जिस रस्तेपर चालनेसे हमको सुख हो हमारे अन्दर अच्छे २ गुण आवे

और सबलोग हमारी मान करे उसे नीति कहते है ! सबसे पहिले नीति-का यह उपदेश है कि सात व्यसनोका त्याग करना चाहिये ।

१७ प्र० सात व्यसन कौनसें है ?

उ० (१) जूआ खेलना (२) मांस खाना (३) शराब पीना (४) शिकार खेलना (५) वेश्यागमन करना (६) चोरी करना (७) परस्त्रीगमन करना.

१८ प्र० नौ तत्वके नाम कौनसे है ?

उ० (१) जीव—जो सुख दुःखका जाने ज्ञान जिसका लक्षण है ।

(२) अजीव—जो सुखदुःखको न जाने ऐसे जडपदार्थ

(३) पुण्य—भले (अच्छे—परोपकारके) काम, जिनसे सुख हो।

(४)पाप-बुरेकाम जिनसे दुःख मिले।

(५)आश्रव—शुभाशुभ कर्मोंका आना।

(६) संवर—कर्मका रुकना।

(७) निर्जरा—कुछ अंशसे कर्म दूर होना।

(८) बंध—जीवके साथ कर्मोंका बंधना।

(९) मोक्ष—सब कर्मोंका छूट जाना और अनन्त सुखकी प्राप्ति होना।

१९ प्र० धर्म किसे कहते है ?

उ० जो दुर्गति (अधोगति) में प्रयान करते हुए जीवको बचानेके कारण धर्म कहा जाता है। यह संयमादि

दशप्रकारवाला सर्वज्ञ केवली भगवा-
नका कहा हुआ धर्म मुक्तिके लिए
समर्थ है। अथवा जा बूरी (नीच)
गतिमेंसे बचाकर उच्च गतिमें ले
जाय अर्थात् क्रमसे मोक्षमतिमें पहों-
चा देवे उसको धर्म कहते है।

जीव और पंच परमेष्ठी।

२० प्र० परमेष्ठी क्या वस्तु है ?

उ० वह जीव है।

२१ प्र० क्या सभीजीव परमेष्ठी कहलाते है ?

उ० नहि।

२२ प्र० तब कौन कहलाते है ?

उ० जो जीव 'परमे' अर्थात् उत्कृष्ट
स्वरूपमें समभावमें अर्थात् स्थित है

वेही परमेष्ठी कहलाते है ।

२३ प्र० परमेष्ठी और उनसे भिन्नजीवोमें क्या अन्तर है ?

उ० अन्तर आध्यात्मिक–विकास होने न होनेका है। अर्थात् जो आध्यात्मिक-विकासवाले वह निर्मल आत्मशक्ति-वाले है वे परमेष्ठी और जो मलिन आत्मशक्तिवाले है वे उनसे भिन्न है।

२४ प्र० जो इस समय परमेष्ठी नहि है क्या वे भी साधनोके द्वारा आत्माको निर्मल बनाकर वैसे बन शकते है ?

उ० अवश्य ।

२५ प्र० तब तो जो परमेष्ठी नहि है और जो

है उनमें शक्तिकी अपेक्षासे क्या अन्तर हुआ ?

उ० कुछ भी नहि। अन्तर सिर्फ शक्तियोंके प्रगट होने न होनेका है। एकमें आत्मशक्तियोंका विशुद्धरूप प्रगट हो गया है दूसरोमें नही।

२६ प्र० जब असलियतमें सब जीव समान ही है तब उन सबका सामान्य स्वरूप (लक्षण) क्या है ?

उ० रूप, रस, गन्ध, स्पर्श आदि पौद्गलिक गुणोका न होना और चेतनाका होना, यह सब जीवोका सामान्य लक्षण है जो रस, रूप, गन्ध और शब्दोसें रहित है, जो अव्यक्त स्पर्श

रहित है, अतएव जो इन्द्रियोसें अ-
ग्राह्य है जिसके कोइ संस्थान—आकृ-
ति नही है। और जिसमें चेतना
(ज्ञान) शक्ति है उसको जीव जानना
चाहिये।

२७ प्र० व्यवहारनय और निश्चयनयसें जीव-
का लक्षण क्या है ?

उ० जो व्यवहारनयसे अच्छे या बुरे,
या दोनो प्रकारके कर्मोका करनेवा-
ला उनके फलोको भोगने (अनुभव
करने) वाला, संसारमें भ्रमण कर-
नेवाला और सर्वथा कर्मोका क्षय
करके मोक्षकोभी पानेवाला एवं
द्रव्य प्राणोंको धारण करनेवाला जीव

कहलाता है। निश्चय नयसे ज्ञान, दर्शन, चारित्र गुणसंपन्न यानि चेतना (ज्ञान) लक्षण युक्त जीव कहलाता है।

२८ प्र० प्राण किसे कहेते है?

उ० जिनके संयोगसें यह जीव जीवन अवस्थाको प्राप्त हो और वियोगसें मरण अवस्थाको प्राप्त हो इसको प्राण कहते है।

२९ प्र० प्राण कितने प्रकारके है? और कोनसे है?

उ० प्राण दो प्रकार के है। (१) द्रव्यप्राण (२) भावप्राण।

३० प्र० द्रव्यप्राण किसे कहते है ! और कौनसे है !

उ० आत्माके बाह्य लक्षणको द्रव्य प्राण कहते है। द्रव्यप्राण दश है पांच इन्द्रियाँ (त्वचा, जीभ, नाक, आंख, और कान,) त्रिविधबल (मनोबल, वचनबल और कायबल,) श्वासोश्वास और आयु ये दश द्रव्यप्राण है।

३१ प्र० भावप्राण किसे कहते है ?

उ० जीवके ज्ञान, दर्शन, और चारित्र आदि गुणोको " भावप्राण " कहते है। ज्ञान (चेतना) को भावप्राण कहेते हैं संसारी जीवोको द्रव्य और भाव दोनों प्रकारके प्राण होते

हैं और सिद्ध के जीवोंको सिर्फ भाव-प्राण होते है, क्योंकि द्रव्यप्राणोंका आधार शरीर है और सिद्धको शरीर नहि होता इससे वे अशरीरी कहे जाते है।

३२ प्र० जीवके कितने भेद है ?

उ० जीवके मुख्य दो भेद है

(१) मुक्त (सिद्ध) (२) संसारी

३३ प्र० मुक्त और संसारी जिव किसे कहते हैं ?

उ० मुक्त जीव इसकु कहते हैं जो संसारसे छुट गये हो, जिन्होंने राग, द्वेष, और मोहका नाश करके जन्म मर-

णादि दुःखोका नाश किया हैं तथा
जो शरीररहित हो गये है।

३४ प्र० संसारी जीव कितने प्रकारके है ?

उ० संसारी जीवके मुख्य दो भेद है।
(१) त्रसजीव (२) स्थावरजीव।

३५ प्र० त्रस और स्थावर किसे कहते है ?
और वे कितने प्रकारके है ?

उ० (१) त्रसजीव—जो स्वयं चल फिर
कर शकते है।
(२) स्थावर—जो इच्छानुसार हलन
चलन क्रिया नही कर शकते हैं।
(संसारी जीवोके विस्तारसे
चौदह भेद है तथा ५६३ प्रभेद
होते है।)

३६ प्र० त्रस और स्थावर जीवके प्रकार बतलाइयें ?

उ० स्थावर जीवके पांच प्रकार है जैसे

(१) पृथ्वीकाय कच्ची मिट्टी नीमक आदि।

(२) अपकाय—कच्चा पाणी आदि।

(३) तेउकाय—दीपक बिजली आदि की अग्नि।

(४) वाउकाय—हवा पवनके जीव ।

(५) वनस्पतिकाय—शाकभाजी हरेक पेड (लीला वृक्ष) कादि

उपरोक्त पांच प्रकारके स्थावर जीवोको एक स्पर्श इन्द्रिय अर्थात् शरीरहा होता है ।

त्रसजीव–के मुख्य चार प्रकार है।

(१) दोइन्द्रिय (२) ते इन्द्रिय

(३) चोरेन्द्रिय (४) पंचेन्द्रिय

३७ प्र० तिर्यंच जीवके कितने प्रकार है ?

उ० तिर्यंच जीवके तीन प्रकार है

(१) जलचर (२) स्थलचर और

(३) नभचर।

३८ प्र० इन जीवोको जानकर हमे क्या करना चाहिये ?

उ० (शिक्षा) इन जिवोको जानकर हमें किसीको दुःख नहीं देना चाहिये। दुःख देनेसे दुःख भोगने पडते है और सुख देनेसे सुख मिलता है कोइजीव दुःखी हो तो उसका दुःख

दूर करनेका उद्यम करना चाहिये यह हमारा कर्तव्य है।

३९ प्र० दश प्रकारके प्राणोको जाननेका क्या प्रयोजन है ?

उ० हिंसा तथा अहिंसाको समझनेके लिये इनका जानना जरुरी है। जीव स्वभावसे नित्य अमर—शाश्वत है उसका मरण नहिं होता शरीरतो अनित्य (जड) ही है। इसीलिये प्राणोकी हिंसाको हिंसा कहते है। प्राणोकी रक्षाको अहिंसा या दया कहते है। हरेक प्राणीके पास जितने प्राण है वे उसके लिये बडे कामकी चीजे है। इसही के द्वारा

वे प्राणी इस स्थूल शरीरमें रहते हुए अपना २ काम करते है यदि हम उनको मार डालेंगे, तो हमने उनके पाणोंको नाश कर उनके काममें विघ्न डाला यही अपराध किया। जितने अधिक व जितने मूल्यवान प्राणोंका घात (नाश) किया जायगा या उनके बिगाढसे प्राणीको कष्ट दिया जायगा उतनाही अधिक अपराध होगा। जितने कम व कम मूल्यवान प्राणोका घात किया जायगा उनके या बिगाडसे प्राणीको कष्ट दिया जायगा उतनाही कम अपराध होगा सबसे कम अपराध स्थावरो के

घातका है, उससे बहुत अधिक द्वेन्द्रियोंके घातका, उससे बहुत अधिक तेइन्द्रियोंके घातका, उससे बहुत अधिक चौरिन्द्रियोके घातका उससे बहुत अधिक पंचेंद्रिय असंज्ञिके घातका, उससे बहुत अधिक पंचेंद्रिय संज्ञिके घातका उनमें पशुके घातसे मानवका घातका अधिक पाप. मानवो में भी साधुके घातका, परोपकारीके घातका साधारण मानवकी अपेक्षासे अधिक दोष है

४० प्र० पांच महाव्रत कोनसे है ?

उ० (३) सर्वथा हिंसाका त्याग (अहिंसा प्राणतिपात विरमण) (२) सर्वथा

जूठका त्याग (सत्य–मृषावाद विरमण (३) सर्वथा चोरीका त्याग (अचौर्य–अदत्तादान विरमण) (४) सर्वथा मैथुनका त्याग–(ब्रह्मचर्य–मैथुन विरमण) (५) सर्वथा परिग्रहका त्याग (अपरिग्रह–परिग्रह विरमण) इन पांच महाव्रतोंको मुनि महाराज पालते है।

४१ प० पांच समिति और तीन गुप्ति कौन सी है ?

उ० समिति अर्थात् विवेकपूर्वक प्रवृत्ति (कार्य) और गुप्ति–असत् प्रवृत्तिको रोकना।

पांच समितिके नाम (१) इर्या

समिति (२) भाषा समिति (३) एषणा समिति (४) आदान भांड पात्र निक्षेपना समिति (५) परिष्ठापनिका समिति.

तीन गुप्ति के नाम (१) मनोगुप्ति (२) वचनगुप्ति और (३) कायगुप्ति.

इन पांच समितिओं और तीन गुप्तिओंको मुनि महाराज पालते है

४२ प्र० श्रावकके बारह व्रत कौनसे है !

उ० (१) स्थूल प्राणातिपात विरमण (अहिंसाणुव्रत) २ स्थूल मृषावाद विरमण (सत्याणुव्रत) (३) स्थूल अदत्तादानविरमण (अचौर्याणुव्रत) (४) स्थूल मैथुन विरमण (ब्रह्म-

चर्याणुव्रत) (५) परिग्रह परिमाण–(परिग्रह परिमाण मर्यादा) (६) दिग्व्रत (दिशामर्यादा) (७) भोगोपभोग परिमाण (भोगोपभोगमर्यादा) (८) अनर्थदंडविरति (अनर्थ दंडका त्याग) (९) सामायिक (१०) देशावकाशिक (११) पौषध (१२) अतिथिसंविभाग.

४३ प्र० बाइस अभक्ष्यके नाम कौनसे हैं !

उ० (१) वडके फल (२) पीपलके फल (३) पिलखणके फल (४) कठंबरंके फल (५) गुलरके फल (६) मदिरा (७) मांस (८) मधु (९) मक्खन (१०) बरफ (११) निशा (१२)

ओले (वरसादमें पडते है) १३ मट्टी (सचित्त) (१४) रात्रिभोजन (१५) वहु वीजवाले फल (१६) संधान (आचार वोल) (१७) द्विदल (कच्चे दहिदूधके साथ कठोड चिज मिलाकर खाना (१८) वगण तुच्छफल (२०) अजानफल (२१) चलितरस (२२) बत्रीस अनंतकाय.

संग्राहक—आत्माराम बोघडदास, पाटणवाला
धर्माध्यापक—श्री बी. जे. एस. आर.
जैन हाइस्कुल
बीकानेर, राजपुताना.

समाप्त.

श्रीमन्नि श्री पार्श्वनाथ

स्तव पाठमाला

सम्पादिका श्री सुविधाविचार

प्रकाशक : श्री जैन स्तवन, [illegible]